an>

Title: Need to set up adequate number of branches of public sector banks in Buldhana parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बुलढाणा (महाराष्ट्र) के संबंध में दिलाना चाहता हूं कि बुलढाणा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं बहुत-बहुत दूरी पर स्थित हैं। लगभग एक ग्रामीण बैंक की शाखा 20 से 25 कि.मी. के दायरे में होती है। इन ग्रामीण बैंकों पर किसान एवं ग्रामीण लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है। किसानों का सब्सिडी एवं जन-धन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंकों में एकाउंट होना आवश्यक है। बैंकों में एकाउंट शुरू करने हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। किसानें एवं ग्रामीण लोगों को बैंक शाखाओं का फायदा हो इसके लिए बैंक शाखाओं का नज़दीक होना अति आवश्यक है एवं उनकी संख्या को भी बढ़ाना चाहिए।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि बैंकों की शाखाएं मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में नागरिकों की सुविधा को देखते हुए नज़दीक में खोली जाए एवं उनकी संख्या को भी आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाए जिससे किसान एवं ग्रामीण भारत सरकार की सब्सिडी एवं जन-धन योजना का लाभ प्राप्त कर सके।